मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–02, मई 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु बना ब्राण्ड्स लीडर

इस्पात एवं कंस्ट्रक्शन उत्पादों का निर्माण करते हुए कामधेनु लिमिटेड लगातार नये कीर्तिमान रच रही है। कंपनी जहाँ अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों से भारतीय बाज़ार में दिन–प्रतिदिन विस्तार कर रही है, वहीं वैश्विक मंच पर खुद को एक बड़े लीडर के तौर पर स्थापित भी कर रही है। इसी का प्रमाण है कि कामधेनु लिमिटेड को वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्राण्ड्स एवं लीडर्स अवार्ड 2017–18 से सम्मानित किया गया है। यह दूसरा मौका है जब कामधेनु लिमिटेड ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड को अपने नाम किया है। 'वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्राण्ड अवार्ड को कंपनी ने पहली बार 2015 में हासिल किया था।

स्टील इंडस्ट्रीज और पेंट इंडस्ट्रीज के सभी पैमानों पर खरे उतरते हुए कामधेनु ग्रुप ने इस वर्ष दो अवार्ड को अपने नाम किए हैं। ग्राहक संतुष्टि, प्रोडक्ट क्वालिटी, बेहतरीन लॉजिस्टिक्स, कार्य प्रणाली, अनुसंधान, इनोवेशन, बिजनेस एनवायरमेंट और मोटिवेशनल प्रोग्राम की विभिन्न कैटेगरी में गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए कामधेनु लिमिटेड को सम्मानित किया गया। वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्राण्ड अवार्ड 2017–18 से सम्मानित करते हुए कामधेनु लिमिटेड की संपूर्ण व्यवसायिक नीतियों की प्रशंसा की गई।

इस प्रतिष्ठित अवार्ड को इंडो–यूएई बिजनेस एंड सोसल फोरम 2018 और वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्राण्ड्स एवं लीडर्स अवार्ड 2017–18 की अथॉरिटी द्वारा दुबई के जे.डब्ल्यू मेरियट मारक्विस होटल में अयोजित किया गया। यहाँ विश्व की प्रमुख कंपनियों के निदेशक के साथ कई देशों के राजदूत भी सम्मिलित हुए। इसके साथ ही दुबई में भारत के वाणिज्य दूत श्री विपुल ने भी इस महत्वपूर्ण अवार्ड समारोह में उद्घाटन वक्ता के तौर पर सम्मिलित हुए। इस अवार्ड के लिए 16 प्रकार के उद्योगों को चुना गया था, जिसमें देश–विदेश की प्रमुख कंपनियां शामिल थी। कंपनियों का उत्कृष्टता की विभिन्न श्रेणियों के पैमाने पर विश्लेषण किया गया। इस अवार्ड के लिए यूनाइटेड रिसर्च सर्विसेस ने अनुसंधान सेवाएं प्रदान की।

यहाँ सम्मानित अतिथियों में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल और श्री सौरभ अग्रवाल शामिल हुए और कामधेनु के दोनों अवार्ड को स्वीकार किए। यहाँ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। एनवायरमेंट और डेवेलपमेंट को बेहतर बनाए रखने में प्रभावी योजनाओं पर विचार किया गया। देश को प्रोडक्शन हब बनाने और मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को और गति देने के लिए संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया गया।







वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट ब्राण्ड्स एवं लीडर्स अवार्ड 2017–18 से सम्मानित हुई कामधेनु लिमिटेड

# प्रधानमंत्री ने रखी एशिया की सबसे लंबी सुरंग की आधारशिला






लेह–लद्दाख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 मई को एशिया की सबसे लंबी सुरंग जोजिला का शिलान्यास किया। कश्मीर घाटी और लद्दाख को हर मौसम में जोड़े रखने वाली इस जोजिला सुरंग परियोजना की लागत 6809 करोड़ रुपये होगी। 14.2 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का निर्माण कार्य 2026 में पूर्ण होने की संभावना है। इस सुरंग के पूरा हो जाने पर लेह से कश्मीर घाटी तक पहुंचने में लगने वाला समय महज 15 मिनट का रह जाएगा, जो फिलहाल 3.5 घंटे है। जोजिला दर्रे में बन रही इस सुरंग से सर्दियों के दिनों में लेह, कारगिल, और श्रीनगर के बीच सड़क मार्ग के माध्यम से हमेशा संपर्क बना रहेगा। साथ ही इससे चीन और पाकिस्तान से लगती सीमा में सैनिकों तक रसद पहुंचाने में सहूलियत होगी। भारतीय सेना के लिए भी यह टनल सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। करगिल युद्ध के समय ऐसे रास्ते की जरूरत महसूस हुई थी, जिसके जरिए जरूरी साजो–सामान को 15 मिनट में पहुंचाया जा सके।

# पानी से आर्सेनिक निकालना हुआ आसान



दुनिया का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, फिर भी पानी के लिए हाहाकर मचा रहता है। इसका कारण पीने योग्य पानी की कमी है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी विद्यमान है उसका 97 फीसदी पानी सागरों में है और 2.4 फीसदी ग्लेशियरों के रूप में जमा हुआ है। मात्र 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों और झीलों में है। इस 0.6 प्रतिशत जल में शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और किटनाशकों के कारण आर्सेनिक (जहरीले पदार्थ) घुलते जा रहे है। इन आर्सेनिक को पानी से बाहर निकालना एक चुनौती बनता जा रहा है।

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) ने एक निजी कंपनी के साथ मिलकर एक ऐसा उपकरण बनाया है जो पानी में आर्सेनिक का पता लगा लेगा और पानी को पीने लायक बनाएगा। इस उपकरण का नाम 'आर्सेनिक सेंसर एंड रिमूवल मीडिया' है। इस कारगर प्रणाली की उत्पादन लागत भी कम है। भारत के संदर्भ में यह प्रणाली बहुत उपयोगी है। उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश में पेय जल में आर्सेनिक की समस्या है।

# प्रधानमंत्री मोदी का रूस दौरा



रूस के शहर 'सोची' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की अनौपचारिक शिखर वार्ता 21 मई को संपन्न हुई। इस शिखर वार्ता में दोनों नेताओं ने भारत और रूस के आपसी संबंधो को और मजबूत करने पर जोर दिया। इसके साथ ही रणनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए विशेष और विशेषाधिकार युक्त साझेदारी पर जोर दिया। इस अनौपचारिक शिखर वार्ता में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के साथ आतंकवाद पर भी चर्चा की गई और सीरिया, ईरान एवं अफगानिस्तान के मौजूदा हालात से भारत और रूस पर पड़ने वाले असर पर भी बातचीत की गई। दोनों देश आपसी विश्वास के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर आम राय कायम करने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और जी–20 जैसे बहुपक्षीय संगठनों में मिलकर कार्य करने पर भी सहमत हुए।

# कामधेनु श्रेष्ठ जीसी शीट्स
## एक कॉल से पूरी जानकारी

## ट्रेड इंक्वायरी नम्बर
**1800 1800 545, 0124-4604500, 4604573**



KAMDHENU SHRESTH GC SHEETS

बिल्डिंग निमार्ण का सम्पूर्ण समाधान उपलब्ध कराने वाली देश की प्रतिष्ठित कंपनी कामधेनु लिमिटेड लगातार अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नये उत्पादों की बेहतरीन रेंज उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही कंपनी इन उत्पादों को सपोर्ट करने के लिए ऐसे प्रयास कर रही है जिससे उत्पादों की पूरी जानकारी ग्राहकों को एक फोन कॉल से मिल जाए। इस तरह विकास की लय बरकरार रखने के लिए कंपनी अपने उत्पादों की विविधता और उच्च गुणवत्ता के साथ आंतरिक और बाहरी संचार को बेहतर कर रही है।

अपने उत्पादों की रेंज मे विस्तार करते हुए कंपनी ने शीट्स का नया उत्पाद 'श्रेष्ठ जीसी' को लॉन्च किया ताकि निर्माण की जरूरतों को पूरा किया जा सके। कंपनी इस शीट्स को पूरे देश में लगातार लॉन्च कर रही है ताकि रूफिंग का कंपलीट सोल्यूशन प्रत्येक ग्राहकों को मिल सके। इसके साथ ही एक मंझे हुए कारपोरेट के गुणों को दर्शाते हुए कंपनी ट्रेडिंग पॉलिसी को हमेशा सरल बनाने का भी प्रयास कर रही है। इसी के तहत कंपनी ने 'श्रेष्ठ जीसी शीट्स' की सम्पूर्ण जानकारी ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए ट्रेड इंक्वायरी नम्बर को जारी किया है। बिजनेस कम्युनिकेशन में आने वाले कम्युनिकेशन गैप को कंपनी ने बड़ी कुशलता के साथ दूर किया है ताकि बी2बी और बी2सी सभी प्रकार के ग्राहकों को सम्पूर्ण जानकारी एक ही नम्बर से मिल सके।

कंपनी के इस प्रयास से कंपनी के वर्तमान डीलर्स एवं ग्राहकों को 'श्रेष्ठ जीसी शीट्स' से जुड़ी सभी जानकारियां बिना किसी परेशानी के मिल सकेंगी। साथ ही भावी चैनल पार्टनर्स को भी जरूरी औपचारिकताओं में पड़े बिना महत्वपूर्ण जानकारी एक फोन कॉल से मिल जाएगी।

'श्रेष्ठ जीसी शीट्स' की देश में बढ़ती मांग को सपोर्ट देने के लिए ट्रेड इंक्वायरी नम्बर को जारी करते हुए कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''देश में कंस्ट्रक्शन को तेज गति देने में 'श्रेष्ठ जीसी शीट्स' बहुत कारगर है। इस उत्पाद का उपयोग उद्योगों एवं घरों के लिए किया जा रहा है। ये शीट्स जहाँ एक किफायती रूफिंग सोल्यूश्न दे रहे हैं, वहीं उद्योगों को बेहतर वातावरण मुहैया कराते है। ऐसे में इसकी वर्तमान समय में जरूरत बहुत ज्यादा है। इसलिए हम एक बेहतर कॉरपोरेट कल्चर को बढ़ाते हुए इस उत्पाद के लिए ट्रेड इंक्वायरी नंबर उपलब्ध करा रहे है, ताकि डीलर्स से लेकर ग्राहकों तक सभी को सही समय पर उचित जानकारी मिले।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.05.2018






# हिमाचल में कामधेनु पेंट के वार्षिक सम्मेलन में लग्जरी इमलशन लॉन्च

अपने सजावटी रंगों से देश को सजाने के लिए कामधेनु पेंट हमेशा ही नये इनोवेशन करती रहती है। इसी इनोवशन ने कंपनी को कुछ ही वर्षों में देश की शीर्ष पेंट्स कंपनियों में ला खड़ा किया है। इसमें कंपनी की ग्राहकोन्मुखी नीतियां थी जिसने ग्राहकों को संतुष्टि दी। संतुष्टि और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ते हुए कंपनी ने अपने नये–नये पेंट उत्पादों को पेश कर हर घर को नया लुक देने का प्रयास किया। इसी के तहत आगे बढ़ते हुए कंपनी ने एक बार फिर एक बेहतरीन पेंट उत्पाद कमोड्युअल इमलशन को पेश किया है। कंपनी ने इसे पूरी भव्यता के साथ हिमाचल के सोलन में अपने वार्षिक चैनल पार्टनर मीट में लॉन्च किया। इसमें कंपनी के हिमाचल के 125 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए और इस पूरे कार्यक्रम को सोलन स्थित बेहतरीन रिजॉट पाइन ड्राइव रिजॉट में आयोजित किया गया।

12–13 मई को आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कंपनी ने डीलर्स के द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की और उनमें ऊर्जा का संचार करने के लिए मोटिवेट भी किया गया। कामधेनु पेंट ने इस इवेंट के जरिए उन्हें इस लग्जरी इमलशन की खासियातों को बताया। इस उत्पाद को एक लग्जरी ब्रांड के तौर पर स्थापित करने के लिए इसकी व्यवसायिक नीतियों को साझा किया और इससे जुड़ी योजनाओं को पूरे विस्तार से बताया। साथ ही उन्हें विश्वास दिलाया कि कमोड्युअल लग्जरी लाइफ स्टाइल के मुताबिक बनाया गया है जो पेंट उत्पादों की नई पहचान बनेगा।

इस भव्य कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारियों में श्री राजकुमार श्रीवास्तव (नेशनल मार्केटिंग हेड), श्री लवजीत सिंह (मैनेजर ब्रांड प्रमोशन), श्री हितेश छाबड़ा (मैनेजर ब्रांड प्रमोशन) और निहाल रापता (ब्रांच हेड हिमाचल) अपनी टीम के साथ सम्मिलित हुए। यहाँ श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलर्स को कहा, ''कंपनी के हर अचीवमेंट में आपका योगदान रहा है। आपने हर एक टारगेट को पूरा करने में पूरी ऊर्जा से कार्य किया। आपकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। आपने ग्राहकों तक हर एक उत्पाद की पूरी जानकारी को पहुंचाया और ग्राहक को मार्केट के बेस्ट प्रोडक्ट को खरीदने के लिए मोटिवेट भी किया। हम आपके प्रयासों को सराहते हैं। और विश्वास दिलाते है कि कमोड्युअल लग्जरी इमलशन वो बेस्ट प्रोडक्ट है जो हमको पुनः नये मुकाम पर पहुंचाएगा और लाभान्वित करेगा।''

दो दिवसीय इस भव्य इवेंट में डीलर्स को उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित करते हुए बेस्ट परफारमेंस डीलर्स के अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। इस अवार्ड को मेसर्स गणेश ट्रेडर्स (परवानू), मेसर्स एस.के. ट्रेडर्स (इंदौरा), मेसर्स कुलदीप कुमार एंड कंपनी (बरमणा), मेसर्स दिल्ली स्टोर (रोहड़ू) और मेसर्स उप्पल हार्डवेयर स्टोर (भुन्तर) को दिया गया।



## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री अमित नारायणीवाल**
**मेसर्स भीलवाड़ा स्क्रैप**
ओल्ड आरटीओ रोड, गांधी नगर, भीलवाड़ा
मो. 9413357929

**श्री संजय गुप्ता, श्री दिनेश गुप्ता**
**मेसर्स गणेश ट्रेडिंग कम्पनी**
आर जेड, एफ–4, महावीर एनक्लेव मेल पालम डबरी रोड, दिल्ली – 110045
मो. 9313534478, 9312217489

**श्री विनोद सिंगला, श्री साहिल सिंगला**
**मेसर्स राजेंद्र स्टील्स**
ए–14 राजौरी गार्डन
दिल्ली – 110027
मो. 9810009663, 9871093330

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by Kamdhenu Limited, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com